# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 30.07.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन बांदा पर संयुक्त चेकिंग एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर, चलाया गया जागरुकता अभियान।**

**विवरण–** आज दिनांक 30.07.2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक बाँदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में थाना AHTU, SJPU, WCSO, GRP, RPF तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान चित्रकूट की संयुक्त टीम व साथी संस्था उ0प्र0 की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन बांदा पर विशेष चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। यात्रियों को पंपलेट वितरित कर उन्हें मानव तस्करी के विरुद्ध पुलिस के सहयोग तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान द्वारा संचालित बाल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को बच्चा चोरी, मानव तस्करी एवं ज़हरखुरानी जैसे अपराधों के संबंध में सतर्क किया गया एवं बच्चों को अपने परिजनों के साथ रहने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं संस्थान प्रतिनिधि उपस्थित रहे—प्रभारी निरीक्षक सुरूचि द्विवेदी, उ0नि0 संदीप कुमार यादव,सहायक उ0नि0 विनय कुमार ,हे0का0 नीरज कुमार ,आरक्षी प्रवेन्द्र कुमार,आरक्षी कृष्णकान्त, आरक्षी अनिल कुमार, म0आ0 स्वेतलाना मौर्य,म0आ0 रेखा यादव,म0आ0 प्रिंयका चौधरी,म0आ0 शाहिदा कौशर, ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान चित्रकूट से विनोद कुमार,शिवम यादव ,साथी संस्था उ0प्र0 से प्रमोद तिवारी,रेखा चौधरी।